**भारत सरकार**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 371**

**उत्तर देने की तारीख : 08.12.2022**

**अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए योजनाएं**

**371. कुमारी राम्या हरिदास:**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में अल्पसंख्यकों के उत्थान की योजनाओं पर बजट आवंटन और व्यय बहुत कम है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(ग) विगत चार वर्षों और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बजट आवंटन और उन पर व्यय का योजना और राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अल्पसंख्यकों पर वास्तविक व्यय में वृद्धि करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री**

**(श्रीमती स्मृति ज़ूबिन इरानी)**

(क) से (ङ): अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय राज्य-वार बजट आवंटित नहीं करता है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा पिछले चार वर्षों अर्थात 2018-19 से 2021-22 तथा चालू वित्तीय वर्ष में अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत बजट आवंटन एवं व्यय का विवरण अनुबंध में दिया गया है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की बजटीय आवश्यकता का आकलन प्रत्येक वर्ष वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया जाता है, और तद्नुसार वित्त मंत्रालय के परामर्श से BE (बजटीय अनुमान) और RE (संशोधित अनुमान) पर निधि की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार योजनाओं के तहत आवंटन किया जाता है। मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं के तहत आवंटन वित्त वर्ष 2014-15 के 3711 करोड़ रुपये (BE) से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2022-23 में 5020.50 करोड़ रुपये (BE) कर दिया गया है।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा किए गए विशिष्ट उपायों के अलावा सरकार द्वारा शिक्षा मंत्रालय, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, वस्त्र मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अल्पसंख्यकों सहित समाज के प्रत्येक स्तर, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दलित वर्गों के कल्याण एवं उत्थान हेतु विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित किया गया है।

*****

अनुबंध

**दिनांक 08.12.2022 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 371 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

वर्ष 2018-19 से 2021-22 तथा चालू वित्तीय वर्ष के लिए बजट आवंटन एवं वास्तविक व्यय दर्शाने वाला विवरण

| क्र. सं. | योजना | 2018-19 | | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 (30.11.2022 तक) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बजट आवंटन | वास्तविक व्यय | बजट आवंटन | वास्तविक व्यय | बजट आवंटन | वास्तविक व्यय | बजट आवंटन | वास्तविक व्यय | बजट आवंटन | वास्तविक व्यय |
| **क.** | **शैक्षिक सशक्तीकरण योजनाएं** | | | | | | | | | | |
| 1 | मैट्रिक-पूर्व छात्रवृत्ति | 980.00 | 1176.19 | 1220.30 | 1324.84 | 1330.00 | 1325.54 | 1378.00 | 1350.99 | 1425.00 | 44.04 |
| 2 | मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति | 692.00 | 354.89 | 496.01 | 428.77 | 535.00 | 512.81 | 468.00 | 411.87 | 515.00 | 28.06 |
| 3 | मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति | 522.00 | 261.17 | 366.43 | 285.63 | 400.00 | 396.34 | 325.00 | 345.77 | 365.00 | 34.86 |
| 4 | मौलाना आजाद राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति | 153.00 | 97.85 | 155.00 | 100.00 | 175.00 | 73.50 | 99.00 | 74.00 | 99.00 | 51.61 |
| 5 | विदेशी अध्ययन पर शैक्षिक ऋण पर ब्याज सब्सिडी | 24.00 | 45.00 | 30.00 | 14.43 | 30.00 | 20.19 | 24.00 | 22.15 | 24.00 | 7.01 |
| 6 | नि:शुल्क कोचिंग और संबद्ध योजना | 74.00 | 44.61 | 75.00 | 13.97 | 50.00 | 18.44 | 79.00 | 37.15 | 79.00 | 2.97 |
| 7 | यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के लिए सहयोग | 8.00 | 6.72 | 20.00 | 8.02 | 10.00 | 4.15 | 8.00 | 7.97 | 8.00 | 0.04 |
| | **उप कुल** | **2453.00** | **1986.43** | **2362.74** | **2175.66** | **2530.00** | **2350.97** | **2381.00** | **2249.90** | **2515.00** | **168.59** |
| **ख.** | **रोजगारोन्मुखी योजनाएं** | | | | | | | | | | |
| 8 | सीखो और कमाओ | 250.00 | 175.73 | 250.00 | 175.52 | 250.00 | 190.03 | 276.00 | 268.48 | 235.41 | 27.68 |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | उस्ताद (हुनर हाट) | 30.00 | 31.26 | 50.00 | 54.48 | 60.00 | 56.74 | 47.00 | 76.68 | 47.00 | 10.61 |
| 10 | नई मंजिल (8वीं से 10वीं तक की कौशल) | 140.00 | 93.73 | 140.00 | 34.44 | 120.00 | 59.84 | 87.00 | 48.86 | 46.00 | 6.74 |
| 11 | हमारी धरोहर | 6.00 | 1.64 | 8.00 | 0.70 | 3.00 | 4.55 | 2.00 | 1.66 | 2.00 | 0.00 |
| | **उप कुल** | **426.00** | **302.36** | **448.00** | **265.14** | **433.00** | **311.16** | **412.00** | **395.68** | **330.41** | **45.03** |
| **ग.** | **अवसंरचना विकास योजना** | | | | | | | | | | |
| 12 | प्रधान मंत्री जन विकास कार्यक्रम | **1320.00** | **1156.07** | **1470.00** | **1698.29** | **1600.00** | **1091.94** | **1390.00** | **1266.87** | **1650.00** | **114.68** |
| **घ.** | **विशेष योजनाएं** | | | | | | | | | | |
| 13 | अल्पसंख्यक महिलाओं का नेतृत्व विकास | 15.00 | 13.83 | 15.00 | 7.10 | 10.00 | 6.00 | 8.00 | 2.99 | 2.50 | 0.25 |
| 14 | एक छोटे अल्पसंख्यक समुदाय की जनसंख्या में गिरावट को रोकने के लिए योजना | 4.00 | 4.00 | 4.00 | 3.86 | 4.00 | 4.00 | 3.00 | 5.00 | 10.00 | 1.81 |
| 15 | एनएमडीएफसी की इक्विटी | 165.02 | 165.00 | 100.00 | 160.00 | 160.00 | 110.00 | 153.00 | 100.00 | 159.00 | 159.00 |
| 16 | मौलाना आज़ाद शिक्षा प्रतिष्ठान | 125.01 | 36.00 | 90.00 | 37.50 | 82.00 | 70.92 | 90.00 | 76.00 | 0.01 | 0.00 |
| 17 | कौमी वक्फ बोर्ड तरक्कियाती योजना | 3.16 | 3.16 | 3.16 | 3.16 | 3.00 | 3.00 | 2.00 | 1.00 | 10.00 | 5.07 |
| 18 | शहरी वक्फ सम्पति विकास योजना | 16.94 | 11.89 | 17.50 | 11.82 | 18.00 | 0.10 | 14.00 | 6.72 | 5.00 | 0.00 |
| | **उप कुल** | **329.13** | **233.88** | **229.66** | **223.44** | **277.00** | **194.02** | **270.00** | **191.71** | **186.51** | **166.13** |
| | **कुल योग** | **4528.13** | **3678.74** | **4510.04** | **4362.53** | **4840.00** | **3948.09** | **4453.00** | **4104.16** | **4681.92** | **494.43** |

*****